'कम्प्यूटिंग सॉफ्टवेयर व साइंस लैब' विषय पर कार्यशाला सम्पन्न

जालंधर, 31 जुलाई (विनीत): ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टैक्नीकल कैंपस में 'कम्प्यूटिंग सॉफ्टवेयर व साइंस लैब विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इंस्टीच्यूट के डायरैक्टर डा. राजेश बग्गा की अध्यक्षता में हुई उक्त कार्यशाला में गणित विभाग की सहायक प्रो. प्रभजोत कौर ने बतौर मुख्यवक्ता शामिल होकर संबंधित विषय के प्रति विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन किया। अपने संबोधन में उन्होंने साइंस लैब के बुनियादी सिद्धांतों के अतिरिक्त गणितीय माडलिंग, डाटा विश्लेषण, सिमुलेशन व अनुसंधान में इसके व्यापक अनुप्रयोगों से परिचित करवाया। डा. राजेश बगगा ने अंत में प्रो. प्रभजोत कौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों को संख्यात्मक कम्पयूटिंग के क्षेत्र में कौशल व ज्ञान से लैस करने के लिए साइंस लैब जैसे वैज्ञानिक कम्पयूटिंग सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम व कार्यशालाएं होनी आवश्यक हैं, जो वर्तमान समय में विभिन्न वैज्ञानिक व इंजीनियरिंग विषयों में तेजी से महत्वपूर्ण भी होता जा रहा है।

कार्यशाला में प्रो. प्रभजोत कौर के साथ इंस्टीच्यूट के छात्र।